**दिनांक–07.04.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ हुई विभागीय कार्यों के प्रगति की साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–**

---

1. **विद्युत उपभोक्ता संख्याओं की मैपिंग की स्थितिः–**

❖ सभी अधीक्षण अभियंताओं से अपने अधीनस्थ प्रमंडलों का PWS/MVS/SVS/MINI से संबंधित 38 कॉलम प्रतिवेदन के संबंध में पृच्छा की गई, जिसमें उनके द्वारा संसूचित किया गया कि दिनांक–08.04.2026 को संशोधित एवं त्रुटि रहित प्रतिवेदन (Soft and Hard copy) अपने एवं संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता के स्पष्ट मंतव्य के साथ समर्पित कर दिया जाएगा।

**अनुपालनः– सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दिनांक–20.03.2026 से लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा, पटना पश्चिम, मधुबनी, बेतिया, सासाराम, मोतिहारी, झंझारपुर, औरंगाबाद, गया, आरा (अवर प्रमंडल आरा को छोड़कर), मोतिपुर, बिहारशरीफ, ढाका, भभुआ, शेरघाटी, नवादा, गोपालगंज, जहानाबाद, भागलपुर पूर्व/पश्चिम, पटना पूर्व, अरवल, जमुई, लखीसराय एवं हिलसा द्वारा विभागीय MIS पर पंचायती राज विभाग से हस्तांतरित जलापूर्ति योजनाओं के विद्युत उपभोक्ता संख्याओं की मैपिंग कार्य की प्रगति अत्यंत ही धीमी है। इस पर खेद व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यपालक अभियंताओं से प्रशाखा–05/11 के माध्यम से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निदेश दिया गया। साथ ही उक्त प्रमंडलों के अवर प्रमंडलों में पदास्थापित सहायक अभियंताओं (अवर प्रमंडल आरा को छोड़कर) का वेतन मैपिंग कार्यपूर्ण होने तक स्थगित रखने का निदेश दिया गया। संबंधित सहायक अभियंताओं को अगले 15 दिनों में MIS पर सभी जलापूर्ति योजनाओं के विद्युत उपभोक्ता सख्याओं का त्रुटिरहित एवं पूर्ण मैपिंग करने का निदेश दिया गया अन्यथा उनके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। संबंधित सभी अधीक्षण अभियंताओं को निदेशित किया गया कि अपने स्तर से अनुश्रवण करते हुए विभागीय जलापूर्ति योजनाओं के विद्युत उपभोक्ता संख्याओं को MIS Portal पर मैपिंग कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0) के प्रावैधिक सचिव/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता/संबंधित सभी सहायक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, वैशाली, शेखपुरा एवं मुजफ्फरपुर द्वारा आश्वासन दिया गया कि अगले एक सप्ताह में MIS पर सभी जलापूर्ति योजनाओं के विद्युत उपभोक्ता संख्याओं की मैपिंग कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। कार्यपालक अभियंता, बांका के द्वारा बताया गया कि 125 योजनाओं में विद्युत मीटर नहीं लगे रहने के कारण मैपिंग नहीं हो सका है। इस संबंध में MIS पर उक्त जलापूर्ति योजनाओं के विद्युत उपभोक्ता संख्याओं की मैपिंग का कार्य पूर्ण करने हेतु अगले 15 दिनों का समय दिया गया।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ कार्यपालक अभियंता, तेघड़ा के द्वारा बताया गया कि कतिपय योजनाओं में मीटर नहीं लगा होने के कारण मैपिंग नहीं किया जा सका है। इस संबंध में उन्हें निदेश दिया गया कि अगले 15 दिनों में मैपिंग का कार्य पूर्ण करें।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

## 2. CGRC:-

- समीक्षा के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा में 30 दिनों से अधिक 277 शिकायतें वर्तमान में लंबित पाया गया। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता से पृच्छा की गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि 277 लंबित शिकायतों में क्रमशः 48 मामलें में पंचायती राज विभाग के छुटे हुए टोलों, 34 पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान से संबंधित, 10 मामले में आपसी विवाद, 113 योजनाओं में पाईपलाईन क्षतिग्रस्त जहाँ नए सिरे से पाईपलाईन बिछाने की आवश्यकता है एवं 15 योजनाओं में जल दबाव कम रहने के कारण जलापूर्ति अंतिम छोर तक नहीं हो पाती है, जिसमें नए बोरिंग की आवश्यकता है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि उक्त जगहों पर जहाँ जल दबाव कम है, वहाँ आवश्यकतानुसार नए बोरिंग कर जलापूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- समीक्षा के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतीपुर में 30 दिनों से अधिक 190 शिकायतें लंबित पाया गया। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता से पृच्छा की गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि संवेदक द्वारा कार्य नहीं करने के कारण उक्त लंबित शिकायतों का निष्पादन नहीं हो सका है, जिसके कारण संबंधित संवेदक को डिबार कर दिया गया है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि संवेदक द्वारा संविदात्मक दायित्व का निर्वहन नहीं करने के कारण Rescind/Blacklist हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उक्त शिकायतों के निराकरण हेतु किसी अन्य संवेदक द्वारा कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- समीक्षा के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी में 30 दिनों से अधिक 182 शिकायतें लंबित पाया गया। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता से पृच्छा की गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि 137 शिकायतें पंचायती राज विभाग के छुटे हुए टोलों से संबंधित है जिसमें 117 में बोरिंग का कार्य पूर्ण करते हुए 78 योजनाओं में पाईपलाईन बिछाने का कार्य पूर्ण कराते हुए 75 योजनाओं में हाउस कनेक्शन का कार्य भी पूर्ण करा लिया गया है, इसके अलावा 30 अन्य योजनाओं में हाउस कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है एवं 03 शिकायतों में कम जल दबाव के कारण शिकायतें लंबित है तथा 20 योजनाओं में पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान लंबित रहने के कारण योजना बंद है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान हेतु अपने संबंधित जिला पदाधिकारी के संज्ञान में लाएंगे। साथ ही लंबित शिकायतों का ससमय निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- समीक्षा के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर में 30 दिनों से अधिक 118 शिकायतें लंबित पाया गया। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता से पृच्छा की गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि 5 मामले रोड चौड़ीकरण के कारण पाईपलाईन क्षतिग्रस्त है, 2 में आपसी विवाद रहने के कारण, 75 मामले पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान लंबित रहने के कारण लंबित है एवं अन्य कई मामलों में कम Water Pressure के कारण Tail End तक पानी नहीं पहुंचता है, जहाँ नया बोरिंग कर जलापूर्ति देने की आवश्यकता है। उक्त के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि जिन योजनाओं में

शिकायतें पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान के कारण लंबित है वैसे मामले को संबंधित जिला पदाधिकारी के संज्ञान में लाएंगे। साथ ही 30 से अधिक दिनों से लंबित सभी शिकायतों को 10 दिनों में निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर में 30 दिनों से अधिक 105 शिकायतें लंबित पाया गया। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता से पृच्छा की गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि 58 मामले पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान लंबित रहने के कारण लंबित है, 10 मामले रोड चौड़ीकरण के क्रम में पाईपलाईन क्षतिग्रस्त हो गया है, 10 योजनाओं में कम जल दबाव रहने के कारण जलापूर्ति बाधित है, जिसमें नए बोरिंग करने की आवश्यकता है, अगले दस दिनों के अंदर बोरिंग का कार्य कर लिया जाएगा। दो अन्य योजनाओं में पाईपलाईन चॉक कर गया है, 8 मामले में आपसी विवाद रहने के कारण जलापूर्ति बंद है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया है कि जिन योजनाओं में रोड चौडीकरण के कारण जलापूर्ति बाधित है उसमें संबंधित एजेंसी/विभाग पर विधि सम्वत कार्रवाई करते हुए इसका प्रतिवेदन अभियंता प्रमुख सह–विशेष सचिव (का0 प्र0) को उपलब्ध करायेंगे। इसका अनुश्रवण संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता नियमित रूप से करेंगे।

**अनुपालनः— अभियंता प्रमुख सह–विशेष सचिव (का0 प्र0)/संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भोजपुर में 30 दिनों से अधिक 98 शिकायतें लंबित पाया गया। इस संबंध में संबंधित अधीक्षण अभियंता से पृच्छा की गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि 40 मामलों में स्टैंडपोस्ट से पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच रहा है, 21 मामले छुटे हुए टोलों से संबंधित है, 10 अन्य योजनाओं में पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान लंबित रहने के कारण योजना बंद है एवं कतिपय मामलों में पाईपलाईन लिकेज की समस्या है जिसके कारण जलापूर्ति बाधित है। संबंधित अधीक्षण अभियंता को निदेश दिया गया कि अपने अंचल अंतर्गत सभी प्रमंडलों में लंबित शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए ससमय निष्पादन कराना सुनिश्चित कराएंगे।

**अनुपालनः— संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

## 3. Tender Status PHED/PRD:-

❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, आरा में 4 अद्द लंबित ग्रुपों में 3 अदद तकनीकी बीड कार्यपालक अभियंता के स्तर पर लंबित है।

❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, औरंगाबाद द्वारा बताया गया कि 2 अद्द लंबित ग्रुपों में 1 अदद रेट बीड मुख्यालय स्तर पर एवं 1 अदद रेट बीड मुख्यालय से मुख्य अभियंता को वापस कर दिया गया है।

❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, नवादा द्वारा बताया गया कि 1 अदद रेट बीड मुख्य अभियंता स्तर पर लंबित है। संबंधित मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि इस लंबित रेट बीड को मुख्यालय को शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा।

❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, मोतिहारी द्वारा बताया गया कि 11 अदद लंबित ग्रुपों में 1 अद्द तकनीकी बीड संबंधित अधीक्षण अभियंता स्तर पर लंबित है। संबंधित

अधीक्षण अभियंता से पृच्छा करने पर बताया गया कि उक्त तकनीकी बीड में 15 अदद निविदाकर्ता है, जिस कारण बीड के निष्पादन प्रक्रिया में समय लग रहा है। इस संबंध में संबंधित अधीक्षण अभियंता को शीघ्र ही उक्त तकनीकी बीड का निष्पादन करने का निदेश दिया गया। साथ ही संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि शेष 10 अदद रेट बीड मुख्यालय से वापस कर दिया गया है जिसकी Bid Validity Period खत्म हो गया है।

**अनुपालनः– संबंधित अधीक्षण अभियंता।**

- ❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, भागलपुर पश्चिम द्वारा बताया गया कि 1 अद्द रेट बीड मुख्यालय स्तर पर लंबित है।
- ❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर में 1 अद्द तकनीकी बीड मुख्य अभियंता स्तर पर लंबित है। इस संबंध में संबंधित मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि इसमें कुछ त्रुटियां थी, जिसका शीघ्र निराकरण कर दिनांक–08.04.2026 को निष्पादन कर दिया जाएगा।
- ❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, जमुई द्वारा बताया गया कि 2 अद्द लंबित ग्रुपों में 1 अद्द तकनीकी बीड मुख्य अभियंता स्तर पर लंबित है एवं एक अद्द रेट बीड मुख्यालय स्तर से लंबित है।

## 4. Land Availability On MIS Portal:-

- ❖ समीक्षा के क्रम में छूटे हुए टोलों की PRD योजनाओं में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल–पटना पश्चिम, लखीसराय, दरभंगा, पटना पूर्व एवं सासाराम में क्रमशः 151, 69, 60, 42 एवं 30 योजनाओं में भूमि उपलब्ध नहीं पाया गया। साथ ही लोक स्वास्थ्य प्रमंडल–औरंगाबाद, मोतिहारी, बेतिया एवं नवादा में क्रमशः 172, 107, 70 एवं 52 योजनाओं में संवेदक का संतुष्टि प्रमाण–पत्र MIS पर अपलोड नहीं किया गया। उक्त सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि संवेदक को यथाशीघ्र भूमि उपलब्ध करायेंगे एवं साथ संवेदक का ही संतुष्टि प्रमाण–पत्र MIS पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

## 5. ZOD:-

- ❖ समीक्षा के क्रम में यह संज्ञान में आया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भोजपुर में ZOD अंतर्गत 30 योजनाएं बंद है। इस संबंध में संबंधित अधीक्षण अभियंता द्वारा बताया गया कि यह पंचायती राज विभाग से हस्तांतरित योजनाएं है, पंप ऑपरेटर का मानदेय भुगतान लंबित रहने के कारण एवं पाईपलाइन से संबंधित समस्याओं के कारण योजना क्रियाशील नहीं है। इन योजनाओं में कार्यरत संवेदक द्वारा कार्य नहीं किए जाने के कारण डिबार कर दिया गया है। संबंधित अधीक्षण अभियंता को निदेश दिया गया कि संवेदक द्वारा संविदात्मक दायित्व का निर्वहन नहीं करने के कारण Rescind/Blacklist हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करें। साथ ही निदेशित किया गया कि इन सभी बंद योजनाओं को अतिशीघ्र चालू करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– संबंधित अधीक्षण अभियंता / संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- ❖ समीक्षा के क्रम में यह संज्ञान में आया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भागलपुर पूर्व में ZOD अंतर्गत 16 योजना बंद है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता से पृच्छा के क्रम

में बताया गया कि 10 योजनाएं गंगा/कोसी नदी में Eroded हो गया, 05 योजनाएं बेचिरागी यानि जहाँ कार्य नहीं हुआ है एवं 01 योजना बिजली की समस्या के कारण बंद था, जिसे चालू कर दिया गया है।

बैठक में प्राप्त सभी निदेशों का अनुपालन ससमय करने हेतु सभी उपस्थित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई। 25.05.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 14/अ०-10/2025-441 दिनांक– 29/5/26

प्रतिलिपिः– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार / सभी सहायक यांत्रिक अभियंता–सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/अ०-10/2025-441 दिनांक– 29/5/26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0) के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आइटी मैनेजर/संबंधित सहायक अभियंता/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/अ०-10/2025-441 दिनांक– 29/5/26

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव /विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/अ०-10/2025-441 दिनांक– 29/5/26

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)